ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 30 अक्टूबर 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 187

CBSE ने जारी की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा
2026 की डेट शीट, 17 फरवरी से शुरू होंगी परीक्षाएं




24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की घोषणा कर दी है. बोर्ड ने गुरुवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना में बताया कि आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 की परीक्षाएं 17 फरवरी, 2026 से शुरू होंगी. सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने कहा कि 2025 की परीक्षाओं के दौरान मिले फीडबैक, सीबीएसई परीक्षा समितियों की बैठक से मिले सुझावों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है.

नई शिक्षा नीति (NEP-2020) को ध्यान में रखते हुए परीक्षा कार्यक्रम को पहले से अधिक सुव्यवस्थित और संतुलित बनाया गया है, ताकि विद्यार्थियों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त दबाव न पड़े. उन्होंने कहा कि बोर्ड ने सभी स्कूलों से विद्यार्थियों की नामावली (LOC) समय पर मिल गई है और अब विस्तृत विषयवार डेट शीट तैयार कर ली गई है. कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों परीक्षाओं के लिए विषयों के बीच संतुलित अंतराल रखा गया है, जिससे छात्रों को प्रत्येक परीक्षा के बीच पर्याप्त समय मिल सके.

परीक्षाएं सुबह 10:30 बजे से शुरू होंगी. इस बार पहली बार ऐसा हुआ है कि परीक्षा शुरू होने की तारीख से लगभग 110 दिन पहले ही डेट शीट जारी कर दी गई है. इससे विद्यार्थियों को अपनी तैयारी की रणनीति पहले से तय करने में मदद मिलेगी. उन्होंने बोर्ड ने छात्रों से अपील की है कि वे परीक्षा से पहले अपनी तैयारियों को अच्छे से करें और अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार अध्ययन करें. साथ ही स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न, मार्किंग स्कीम और पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के आधार पर पर्याप्त अभ्यास कराएं.

गूगल का रेवेन्यू पहली बार 100 बिलियन डॉलर पारःगैराज में था पहला ऑफिस, भारत के राम श्रीराम शुरुआती निवेशक; आज 3 ट्रिलियन की कंपनी



24 न्यूज अपडेट

गूगल और अल्फाबेट ने सितंबर 2025 तिमाही में पहली बार 100 बिलियन डॉलर (करीब 9.06 लाख करोड़) का रेवेन्यू हासिल किया है।

CEO सुंदर पिचाई ने इसे 'माइलस्टोन क्वार्टर' बताया, जिसमें सर्च, यूट्यूब और क्लाउड जैसे सेगमेंट में डबल डिजिट ग्रोथ हुई। पांच साल पहले कंपनी का तिमाही रेवेन्यू 50 बिलियन डॉलर था।

AI सर्चः AI ओवरव्यूज और मोड 40 भाषाओं में अवेलेबल; रोजाना 75 मिलियन यूजर्स।कस्टमर ग्रोथः सालाना आधार पर 34% कस्टमर बढ़े; 70%+ मौजूदा कस्टमर गूगल के AI प्रोडक्ट्स इस्तेमाल कर रहे।

AI रेवेन्यूः AI से क्लाउड रेवेन्यू में तेजी; 13 प्रोडक्ट लाइन्स ने 1 बिलियन डॉलर+ का एनुअल रन रेट हासिल किया।

यूट्यूब की स्थितिः स्ट्रीमिंग स्पेस में नंबर 1; अमेरिका में 2+ साल से वॉच टाइम में टॉप। शॉर्ट्स फीचर ट्रेडिशनल वीडियो से ज्यादा रेवेन्यू कमा रहा।

जेमिनी 3 लॉन्चः दिसंबर तक जेमिनी 3 रिलीज की योजना; 13 मिलियन+ डेवलपर्स ने गूगल के जेनरेटिव AI मॉडल्स के साथ काम किया।


राजस्थान पर्यटन की पहल : सातों संभागों में 19 नवंबर को आयोजित होगा "घूमर महोत्सव 2025"

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान की लोकसंस्कृति और पारंपरिक लोकनृत्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की पहल पर आगामी 19 नवंबर (शनिवार) को राज्य के सभी सात संभागीय मुख्यालयों — जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर और भरतपुर — में "घूमर महोत्सव 2025" का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें राजस्थान की शाही विरासत और लोकनृत्य की पारंपरिक लय "घूमर" को नए उत्साह, रंग और परिधान के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान को मिलेगी नई उड़ान

पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ ने बताया कि घूमर नृत्य राजस्थान की सांस्कृतिक आत्मा का अभिन्न हिस्सा है, जो नारी सौंदर्य, उल्लास और लोकजीवन की छटा को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य पारंपरिक घूमर नृत्य को युवा पीढ़ी, आमजन



और विशेष रूप से महिलाओं के बीच और अधिक लोकप्रिय बनाना है, ताकि राज्य की अमूल्य लोक-सांस्कृतिक विरासत निरंतर सशक्त बनी रहे।

ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ
पर्यटन विभाग ने जारी किया लिंक

महोत्सव में भाग लेने के लिए पर्यटन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट एवं सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पंजीकरण हेतु लिंक जारी किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस आयोजन से जुड़ी सभी जानकारियां विभाग की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट की जा रही हैं। महोत्सव में भाग लेने के लिए 12 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाएं, युवतियां और महिलाएं पात्र होंगी। प्रतिभागिता दो श्रेणियों में होगी — व्यक्तिगत तथा सामूहिक (ग्रुप)। हालांकि प्रतियोगितात्मक प्रस्तुतियां सिर्फ सामूहिक श्रेणी में होंगी, जिसके लिए प्रत्येक समूह में कम से कम 20 और अधिकतम 25 सदस्य होना अनिवार्य है। महोत्सव में भाग लेने के लिए स्कूल और कॉलेज की छात्राएं, डांस एकेडमी की सदस्याएं, गृहिणियां, कामकाजी महिलाएं, स्वयं सहायता समूह, एनजीओ और पंजीकृत क्लब शामिल हो सकेंगे। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए सभी संभागीय पर्यटन कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं, जहां पंजीकरण संबंधी सहायता दी जा रही है।


प्रशिक्षण एवं पुरस्कार व्यवस्था

पर्यटन विभाग की वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जल्द ही महोत्सव से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। महोत्सव में प्रतिभागी समूहों के बीच विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिनमें — सर्वश्रेष्ठ सामूहिक नृत्य, सर्वश्रेष्ठ सामूहिक पोशाक, सर्वश्रेष्ठ सामूहिक आभूषण, तथा सर्वश्रेष्ठ सामूहिक नृत्य-निर्देशन जैसी श्रेणियां शामिल होंगी। प्रत्येक संभागीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले समूह को राज्य के प्रमुख पर्यटन महोत्सवों में प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जिससे उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

महिलाओं की भागीदारी से सजेगा रंगारंग सांस्कृतिक उत्सव

राजस्थान पर्यटन विभाग का यह प्रयास महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ प्रदेश की पारंपरिक कला, नृत्य और संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। "घूमर महोत्सव 2025" के माध्यम से राजस्थान की लोकनृत्य परंपरा न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी नई पहचान हासिल करेगी।

पांच दिन में चांदी 5,400 रुपए महंगी, सोना भी 1,800 रुपए चढ़ा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 30 अक्टूबर। उदयपुर सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, स्थानीय बाजार में पिछले पाँच दिनों में सोना-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। 30 अक्टूबर को चांदी टंच (प्रति किलोग्राम) 1,48,950 और चांदी चौरस 1,48,000 रही। वहीं, सोना स्टैंडर्ड (999) 1,22,200, सोना जेवराती (23 कैरेट) 1,17,310 तथा सोना (22 कैरेट) 1,12,425 प्रति 10 ग्राम रहा। सभी दरें GST सहित हैं। पिछले चार दिनों के रुझान में चांदी के दाम 1,43,550 से बढ़कर 1,48,950 तक पहुँचे, जबकि सोने के भाव में भी मामूली तेजी दर्ज की गई। 28 अक्टूबर को सोना स्टैंडर्ड 1,20,400 पर था, जो अब बढ़कर 1,22,200 हो गया है। सर्राफा व्यापारियों का कहना है कि वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती और त्योहारी मांग के चलते स्थानीय स्तर पर सोना-चांदी के दामों में यह उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

मुंबई में बंधक बनाए गए बच्चों का रेस्क्यू, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी ढेर




24 न्यूज अपडेट

मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के पवई इलाके में गुरुवार दोपहर करीब 1 बजकर 30 मिनट पर एक व्यक्ति ने 17 स्कूली बच्चों समेत कुल 19 लोगों को बंधक बना लिया. पीड़ित पवई स्थित महावीर क्लासिक बिल्डिंग में एक वेब सीरीज के ऑडिशन के बहाने इकट्ठा हुए थे. पवई पुलिस ने तुरंत स्पेशल यूनिट, क्विक एक्शन फोर्स और NSG कमांडो को बुलाया और बाथरूम में घुसकर सभी को सुरक्षित बचा लिया और आरोपी को मार गिराया है.

जानकारी के मुताबिक पुलिस की कार्रवाई के दौरान आरोपी रोहित आर्या को गोली लगी थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था. उसके पास से एक एयर गन और केमिकल बरामद किए गए हैं. रिपोर्ट के अनुसार पवई पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाली महावीर क्लासिक सोसाइटी के हॉल में पिछले पांच दिनों से एक वेब सीरीज की शूटिंग का ऑडिशन चल रहा था. सुबह-सुबह विभिन्न जिलों से 25-30 बच्चे ऑडिशन के लिए वहां पहुंचे थे.

बताया जा रहा है कि रोहित आर्या ने कथित तौर पर एयर गन से 19 लोगों को धमकाया और बंधक बना लिया. इनमें 17 बच्चे शामिल थे. इस बीच आरोपी रोहित आर्या ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि वह कुछ लोगों से बात करना चाहता है. शख्स ने धमकी देते हुए कहा, "अगर उसे ऐसा करने नहीं दिया गया, तो वह आग लगा देगा. साथ ही खुद को और बच्चों को नुकसान पहुंचाएगा."

एयर गन और केमिकल जब्त

पुलिस उपायुक्त दत्तात्रेय नलावड़े ने बताया कि पुलिस को दोपहर करीब 1 बजकर 45 मिनट पर एक कॉल आई जिसमें बताया गया कि महावीर क्लासिक नामक एक इमारत में एक व्यक्ति ने छोटे बच्चों को बंधक बना रखा है. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और बच्चों को बंधक बनाने वाले व्यक्ति से बातचीत की. इसके बाद, पुलिस अधिकारी बाथरूम से अंदर घुसे और अंदर मौजूद एक व्यक्ति की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बचा लिया.

इससे पहले प्राथमिक जांच में उसके पास से एक एयर गन और केमिकल मिले थे. इस संबंध में डीसीपी दत्तात्रेय नलावडे ने बताया कि बच्चों को एक वेब सीरीज के ऑडिशन के लिए बुलाया गया था, जिसके लिए सोसाइटी हॉल बुक किया गया था. इस दौरान आरोपी ने ऑडिशन देने आए बच्चों को ही बंधक बना लिया.

RSS ड्रेस पहनने वाले सरकारी कर्मचारी के सस्पेंशन पर रोकःकर्नाटक का मामला

24 न्यूज अपडेट



कर्नाटक के लिंगासुगुर में RSS कार्यक्रम में जाने वाले सरकारी कर्मचारी प्रवीण कुमार केपी के सस्पेंशन पर स्टे लगा दिया गया है। यह रोक कर्नाटक स्टेट एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने लगाई है।

प्रवीण कुमार पंचायत विकास अधिकारी के अलावा भाजपा विधायक मनप्पा डी वज्जल के PA (पर्सनल असिस्टेंट) भी हैं। प्रवीण 12 अक्टूबर को RSS की ड्रेस पहनकर संगठन के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सस्पेंड कर दिया था। प्रवीण ने इस फैसले के खिलाफ ट्रिब्यूनल में अपील की।

ट्रिब्यूनल के ज्यूडिशियल मेंबर एस वाई वटवती की अध्यक्षता वाली पीठ ने गुरुवार को अंतरिम आदेश पारित किया। साथ ही राज्य को अपनी आपत्तियां दर्ज करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी।

कर्नाटक में RSS शाखा पर प्रतिबंध को लेकर राज्य सरकार काफी समय से प्रयास कर रही है। हालांकि कर्नाटक हाईकोर्ट की धारवाड़ बेंच ने 28 अक्टूबर को राज्य सरकार के आदेश पर स्टे लगा दिया, जिसमें बिना परमिशन सरकारी जगहों पर RSS की शाखा लगाने और 10 से ज्यादा लोगों के इकट्ठे होने पर रोक लगा दी गई थी।

केंद्र ने जस्टिस सूर्यकांत को 53वां CJI नियुक्त कियाः24 नवंबर को शपथ, 14 महीने पद पर रहेंगे; पेगासस केस की जांच कराई थी



24 न्यूज अपडेट

सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत को देश का 53वां चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया(CJI) नियुक्त किया गया है। वे 24 नवंबर को शपथ लेंगे। कानून मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वे मौजूदा सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई की जगह लेंगे।

CJI गवई का कार्यकाल 23 नवंबर को खत्म हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जज 65 साल की उम्र में रिटायर होते हैं। जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल करीब 14 महीने का होगा। वे 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे। CJI गवई ने सोमवार को केंद्र सरकार से उनके नाम की सिफारिश की थी।

जस्टिस सूर्यकांत ने20 साल की न्यायपालिका की सेवा में उन्होंने कई ऐतिहासिक फैसले सुनाए। पेगासस जासूसी मामले में वे उस बेंच का हिस्सा रहे, जिसने साइबर विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर जांच करवाई।

सेंसेक्स 593 अंक गिरकर 84,404 पर बंदःनिफ्टी भी 176 अंक लुढ़का; मेटल, फार्मा और IT सेक्टर में ज्यादा बिकवाली



24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार, 30 अक्टूबर को सेंसेक्स 593 अंक गिरकर 84,404 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 176 अंक की गिरावट रही, ये 25,878 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 नीचे बंद हुए। एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयरों में 1.5% तक की गिरावट रही। L&T और BEL चढ़कर बंद हुए।

निफ्टी के 50 में से 40 शेयरों में गिरावट रही। NSE के सभी इंडेक्स में गिरावट रही। सबसे ज्यादा IT, FMCG, फार्मा, मेटल और हेल्थकेयर सेक्टर सबसे ज्यादा गिरे।

संपादकीय : सुरक्षा की सुविधा

इसमें दोराय नहीं कि नई तकनीक के साथ चुनौतियां भी साथ आती हैं मोबाइल फोन और इंटरनेट की आसान पहुंच का बढ़ता दायरा सुविधाजनक तो है, लेकिन इससे कई तरह के जोखिम भी हैं। साइबर धोखाधड़ी इनमें से एक है, जो हाल के वर्षों में आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सुरक्षा एजंसियों को भी ऐसे अपराधियों का पता लगाने और उनकी धर-पकड़ के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है। मोबाइल उपभोक्ताओं को साइबर जालसाजों की ओर से आए दिन अनजान नंबरों से फोन आना आम बात हो गई है और जो लोग उनके झांसे में आ जाते हैं, वे लाखों-करोड़ों रुपए गंवा बैठते हैं । मगर अब इस तरह के फोन की पहचान करना आसान होगा। दूरसंचार विभाग जल्द ही आम उपभोक्ताओं को मोबाइल पर ऐसी सुविधा प्रदान करेगा, जिससे फोन करने वाले व्यक्ति का नाम भी प्रदर्शित होगा। दूरसंचार नियामक ट्राई ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि, मोबाइल पर फोन करने वाले व्यक्ति के नाम का पता लगाने के लिए कुछ ऐप आनलाइन उपलब्ध हैं और चुनिंदा लोग उनका इस्तेमाल भी करते हैं। मगर, नाम प्रदर्शित करने की इनकी सटीकता और इस्तेमाल को लेकर लोगों में भ्रम बना रहता है। ऐसे में दूरसंचार विभाग और ट्राई ने जो कदम उठाया है, वह सभी मोबाइल धारकों के हित में है। दरअसल, ट्राई ने फरवरी, 2024 में फोन करने वाले का नाम प्रदर्शित करने से जुड़ी इस सेवा पर अपनी सिफारिशों में कहा था कि यह केवल मांग करने वाले उपभोक्ताओं को ही मुहैया कराई जाए जबकि दूरसंचार विभाग का कहना था कि यह सुविधा सभी मोबाइल उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ट्राई ने अब विभाग के इस प्रस्ताव पर सहमति जता दी है और इस पर परीक्षण भी शुरू कर दिया गया है। दूरसंचार विभाग ने उम्मीद जताई है कि यह सुविधा देशभर में मार्च, 2026 तक लागू हो जाएगी। खास बात यह कि अब मोबाइल फोन में ही यह सुविधा मौजूद रहेगी। दूरसंचार विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाया जा सकेगा । जब किसी मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आएगा, तो स्क्रीन पर उसका नाम भी दिखाई देगा। इससे उपयोगकर्ता सतर्क हो जाएगा और वह साइबर ठगों के जाल में फंसने से बच जाएगा। यह कदम इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश में साइबर अपराध का दायरा तेजी से बढ़ रहा है राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की ओर से हाल में जारी एक रपट के मुताबिक, वर्ष 2022 में साइबर अपराध के 65,983 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2023 में इनकी संख्या बढ़ कर 86,420 हो गई। इस तरह की धोखाधड़ी के उभरते परिदृश्य से पता चलता है। कि साइबर जालसाज ठगी के लिए अलग-अलग तरीके अपनाते हैं। दूरसंचार विभाग मोबाइल में जो सुविधा प्रदान करेगा, उसमें फोन करने वाले का वही नाम प्रदर्शित होगा, जो नंबर खरीदते समय उसने अपने दस्तावेज में दर्ज कराया होगा। हालांकि, साइबर धोखाधड़ी के कुछ मामलों की जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि संबंधित अपराधी ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर मोबाइल नंबर हासिल किया था। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासनिक निकाय को इस तरह के मामलों से निपटने के लिए भी ठोस कदम उठाने होंगे।

सजा पर सवाल

शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को शारीरिक सजा देने कानूनन सख्त पाबंदी है। किसी भी तरह की प्रताड़ना को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 17 (एक) का उल्लंघन माना गया है। बावजूद इसके कई शिक्षक आज भी बच्चों और किशोरों को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करने से बाज नहीं आते। हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के रोहडू स्थित एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में हाल में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। प्रधानाध्यापिका ने पांचवीं कक्षा के एक छात्र की कमीज उतरवा कर कांटेदार छड़ी से उसकी पिटाई की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद शिक्षा विभाग ने आरोपी प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया है। सवाल है कि अगर विद्यालय के प्रमुख ही मासूम बच्चों से इस तरह का अमानवीय व्यवहार करेंगे तो अन्य शिक्षकों में इसका क्या संदेश जाएगा? विद्यालयों में बच्चों को सुरक्षित एवं पठन-पाठन के लिए बेहतर माहौल प्रदान करने की जिम्मेदारी संभालने वाले शिक्षकों के ऐसे आचरण को कैसे बर्दाश्त किया जा सकता है ? हिमाचल प्रदेश में हाल के दिनों में किसी स्कूली बच्चे को शारीरिक सजा देने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले चंबा के भरमौर मंडल में शिक्षक द्वारा पिटाई की वजह से तीसरी कक्षा के एक बच्चे के कान का पर्दा फट गया था। इसी तरह हमीरपुर के एक विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रताड़ित करने का मामला भी सामने आया था। ऐसे में सवाल है कि क्या शिक्षकों को यह प्रशिक्षण नहीं दिया जाता कि बच्चों से कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए? पिटाई से उनके कोमल मन पर कितना गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है ? अगर विद्यालय में कोई बच्चा शरारत या गलती करता है, तो उसे मनोवैज्ञानिक तरीके से समझाया जाना चाहिए। भय का माहौल बनाना या शारीरिक सजा देना कानूनन अपराध है। इस तरह के असुरक्षित वातावरण में डरे-सहमे बच्चों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ता है। सरकार और शिक्षा विभाग को चाहिए कि इस तरह के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि दूसरे शिक्षक भी इससे सबक ले सकें।

दलाली जिंदाबाद : भीलवाड़ा में फाइल लेकर घूम रहा था दलाल, यूआईटी कर्मचारी निलंबित, दलाल पर कोई कार्रवाई नहीं

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा
क्रमांक/एफ.1(15)/स्थापना/2025/ दिनांक :

कार्यालय–आदेश

एतद्द्वारा श्री नरेश कुमार खटीक, वरिष्ठ सहायक द्वारा नियमन शाखा में दिनांक 28.10.2025 को शाखा की पत्रावली प्राईवेट व्यक्ति के हाथ में दी जाने के कृत से संगीन्धता/संदिग्ध अपराध करने से इनके विरूद्ध एक अनुशासनिक कार्यवाही 16 सीसीए रूल्स के तहत किया जाना प्रस्तावित है। उक्त विभागीय जांच प्रभावित न हो इस हेतु श्री नरेश कुमार खटीक, वरिष्ठ सहायक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

निलंबन काल के दौरान इनका मुख्यालय संयुक्त शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, जयपुर में रहेगा। निलंबन काल में नियमानुसार 6 माह की अवधि तक अर्द्धवेतन देय होगा। नियमानुसार निलंबित कार्मिक को मुख्यालय उपस्थिति प्रमाण पत्र व अन्य स्थान पर कोई कार्य/नियोजन नही करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(अनुशासनिक अधिकारी)

सचिव
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

प्रतिलिपि:– वास्ते सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
1. श्रीमान् सयुक्त शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राज. जयपुर।
2. श्रीमान् अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर महोदय, भीलवाड़ा।
3. प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा, न्यास।
4. श्री नरेश कुमार खटीक, वरिष्ठ सहायक।
5. व्यक्तिगत पत्रावली नरेश कुमार खटीक, वरिष्ठ सहायक।

(अनुशासनिक अधिकारी)

24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। शहरी निकायों में दलालों की धौंस किसी से छिपी नहीं है। हम सबकी कई-कई पीढ़ियां इन दलालो की शिकार हो चुकी हैं। लेकिन सरकारी सिस्टम में इनका कभी कुछ नहीं बिगड़ता। अब भीलवाड़ा में शहरी सुधार न्यास (यूआईटी) कार्यालय में निरीक्षण के दौरान संदिग्ध गतिविधि पकड़ी गई, जिसके बाद नियमन शाखा के एक कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। यूआईटी सचिव ललित गोयल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति को कार्यालय परिसर में फाइल लेकर घूमते हुए देखा गया। जब उससे पूछताछ की गई तो वह घबरा गया और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। उसने फाइल वहीं छोड़ दी और चला गया। जांच में पता चला कि फाइल नियमन शाखा से ली गई थी। संबंधित शाखा के वरिष्ठ सहायक से पूछताछ करने पर भी स्पष्ट जवाब नहीं मिला। मामला संदिग्ध लगने पर कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर आगे की जांच के आदेश दिए गए हैं। नियमों के अनुसार, निलंबन अवधि में कर्मचारी को माह की अवधि तक आधा वेतन देय होगा। उसे मुख्यालय उपस्थिति प्रमाणपत्र और यह प्रमाण देना होगा कि वह किसी अन्य स्थान पर कार्य नहीं कर रहा है। सचिव गोयल ने कहा कि "इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों की दखल या फाइलों की अनाधिकृत हैंडलिंग अनुचित है। पहले भी कई बार कर्मचारियों को इस संबंध में समझाया जा चुका है।" इस कार्रवाई के बाद यूआईटी कर्मचारियों में हड़कंप मच है। क्योंकि सब जानते हैं कि फाइलें कहां जाती है व कौन कौन जमीन माफिया के यहां पर कितने दिन बिताती हैं। कई कर्मचारियों के बीच यह चर्चा रही कि जिस व्यक्ति के पास फाइल मिली, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। कोई सगा लग रहा था क्या?? फाइल दलालों के पास पाई जा रही है, तो ऐसे लोगों पर भी मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

सलूंबर में स्कूल भवन निर्माण में घोटाला! डीएमएफटी फंड में भ्रष्टाचार का खुलासा



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, सलूंबर। राजस्थान में सरकारी भवनों के ढहने की घटनाओं ने सरकार के गुणवत्ता वाले निर्माण कार्यों के दावों की सच्चाई उजागर कर दी है। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी कड़ी में सलूंबर जिले के सेमारी पंचायत समिति क्षेत्र की सुरखड खेड़ा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलर में निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, विद्यालय में डीएमएफटी फंड के तहत लगभग 19 लाख रुपये की लागत से दो कक्षा-कक्षों का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा भवनों की नींव अत्यंत कमजोर है, जिससे भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने इस भ्रष्टाचार का विरोध शुरू कर दिया है। उन्होंने निर्माण स्थल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जिसके बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया। विरोध बढ़ता देख संबंधित सरपंच और अभियंता मौके पर पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने उनके सामने ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब निर्माण कार्य लगातार अधिकारियों की निगरानी में रहता है, तो इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों ने ठेकेदार को सही निर्माण के निर्देश नहीं दिए। इस मामले में सरपंच ने स्वीकार किया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद स्थल निरीक्षण में कुछ कमियां पाई गई हैं, जिन्हें सुधारने के निर्देश दे दिए गए हैं। अब सभी की निगाहें सलूंबर जिला कलेक्टर पर टिकी हुई हैं कि डीएमएफटी फंड से चल रहे इस संदिग्ध निर्माण कार्य में वे क्या कार्रवाई करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा संस्थानों में घटिया निर्माण बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बसंत विहार पार्क से दो चंदन के पेड़ चोरी, हिरणमगरी थाना में मामला दर्ज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। हिरणमगरी सेक्टर-5 स्थित उदयपुर पर्यावरण विकास समिति ने बसंत विहार पार्क से दो चंदन के पेड़ चोरी होने का मामला हिरणमगरी थाना में दर्ज कराया है। समिति अध्यक्ष सुशील बांठिया ने बताया कि बीती रात्रि अज्ञात चोर पार्क में लगे दो हरे-भरे चंदन के पेड़ काटकर ले गए, जबकि कुछ अन्य पेड़ों पर काटने के निशान मिले हैं, जिससे उनके भी चोरी होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि पार्क में अन्य कई प्रकार के वृक्ष लगे हुए हैं, जिनकी सुरक्षा को लेकर समिति चिंतित है। समिति ने थानाधिकारी से गुहार लगाई है कि चंदन चोरों का पता लगाया जाए और पार्क में लगे सभी पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। बांठिया ने बताया कि गत वर्ष भी इस पार्क से 20 से अधिक पेड़ अज्ञात चोरों द्वारा काटकर ले जाए गए थे, जिसके बाद से समिति लगातार प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग कर रही है।



छोटे से गांव निकली बेटी देशभर में कर रही अपना नाम रोशन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 30 अक्टूबर। धरियावद विधानसभा और लसाडिया उपखंड क्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है कि मेवाड़ क्षेत्र की बेटी शक्ति झाला का राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ट्रिगर टाइम शूटिंग क्लब की होनहार खिलाड़ी शक्ति झाला इस समय महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स एकेडमी, रायपुर (देहरादून, उत्तराखंड) में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। शक्ति के चयन से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र, ग्रामवासी और क्लब के सदस्य गर्व से उत्साहित हैं। छोटे से गांव निकली बेटी देशभर में मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

शक्ति झाला भाजपा के वरिष्ठ नेता फतह सिंह झाला पौत्री तथा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह झाला की पुत्री है। धावडी ग्राम पंचायत के मोड़ जी खेड़ा गांव की निवासी शक्ति झाला के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सभी ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश मंत्री और धरियावद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा ने भी शक्ति झाला को बधाई देते हुए कहा कि "ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों का राष्ट्रीय मंच पर पहुंचना वास्तव में प्रेरणादायक है। शक्ति झाला ने यह साबित किया है कि लगन और मेहनत से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है। यह जानकारी करण औदिच्य ने दी।

"एक शाम श्री कुराबड़िया भेरुनाथ के नाम" विशाल भजन संध्या का पोस्टर विमोचन डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने किया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। श्री कुराबड़िया भेरुनाथ मंदिर (उदयपुर) परिसर में आगामी 20 दिसंबर 2025 को "एक शाम श्री कुराबड़िया भेरुनाथ के नाम" शीर्षक से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के सेवक श्री चंद्रशेखर कल्याणा ने बताया कि इस पावन अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत की शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य भक्तों को भक्ति भावना और सांस्कृतिक एकता के भाव से जोड़ना है। पोस्टर विमोचन समारोह के अवसर पर विनोद राठौर, हरिश कल्याणा, पंकज नलवाया, बृजमोहन फुवांर, शुभम नलवाया, करण कल्याणा, विशाल आरजिया सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे। इस आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, और आयोजन समिति ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भजन संध्या का लाभ लेने की अपील की है।

सरदार पटेल जयंती पर डांगी पटेल समाज निकालेगा भव्य वाहन रैली



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शुक्रवार को पूरे देशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसी क्रम में उदयपुर में डांगी पटेल समाज की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समाज की पहल पर अंबेरी से पटेल सर्कल तक भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसमें समाजजन, युवा और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। समाज के गेहरीलाल डांगी ने बताया कि सरदार पटेल जैसे महापुरुष, जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन समर्पित किया, उनकी जयंती समाज बड़े हर्ष और गर्व के साथ मना रहा है। रैली अंबेरी से रवाना होकर सुखेर, भुवाणा मार्ग से होते हुए पटेल सर्कल पहुंचेगी, जहां सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। जगह-जगह समाजजनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। समाज के अनिल डांगी ने बताया कि वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, मावली विधायक पुष्कर डांगी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं युवा समाजसेवी भाग लेंगे।

रक्तदान शिविर आयोजित में युवाओं ने दिखाया उत्साह

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भील युवा सेना मेवाड़ एवं भूपसा मित्र मंडल की ओर से स्वर्गीय भूपेन्द्र भील की पुण्यतिथि पर "एक नेक पहल" शीर्षक से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लेते हुए मानव सेवा और समाजसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान का सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने युवाओं से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील की। कई युवाओं ने पहली बार रक्तदान कर भूपेन्द्र भील के आदर्शों से प्रेरित होकर समाजहित का संकल्प लिया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि स्व. भूपेन्द्र भील का जीवन सदैव सामाजिक एकता और जनसेवा के लिए समर्पित रहा, इसलिए उनकी पुण्यतिथि पर हर वर्ष इस प्रकार के जनकल्याणकारी आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित युवाओं ने "जीवनदान का सबसे बड़ा उपहार - रक्तदान" के संदेश को अपनाने और समाज में इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

विधायक कृपलानी ने क्षेत्रवासियों को दी 13 करोड़ की सौगात, कृषि उपज मंडी में 3 करोड़ की लागत से बनेगा नवीन डोम, जिला चिकित्सालय में भी कई सुविधाओं का लोकार्पण



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने गुरुवार को निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्रवासियों को 13 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। भव्य समारोह में उन्होंने अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में नई पहल की। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने कृषि उपज मंडी निंबाहेड़ा में किसानों की सुविधाओं के लिए 3 करोड़ रुपये की लागत से एक नवीन डोम निर्माण की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गायरी, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्व उपाध्यक्ष पारस पारख, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, लक्की आहूजा, अर्जुन सिंह राठौड़, डॉ. आशीष टांक सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक कृपलानी ने कहा कि निंबाहेड़ा विधानसभा में निरंतर विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है। उनका लक्ष्य प्रत्येक ग्राम, वार्ड और बस्ती तक जनसुविधाओं का विस्तार कर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम में जिन विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया, उनमें — 2.97 करोड़ की लागत से निर्मित सेल्फ सपोर्टिंग डोम, 1.81 करोड़ की सीसी पेवमेंट सड़कें, 2.04 करोड़ की सीसी ड़क, 55 लाख का किसान कलेवा भवन, 66 लाख की बाउंड्री वॉल और 8.39 लाख के अन्य कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी समिति सचिव संतोष कुमार मोदी, क्रेता व्यापारी संघ अध्यक्ष नानालाल भूतड़ा, मनोज राजोरा, वैभव अब्बानी, पुखराज सहलोत आदि व्यापारी, हम्माल व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। व्यापारियों की मांग पर विधायक कृपलानी ने 80 फीट × 200 फीट आकार के नवीन डोम के निर्माण की घोषणा की, जिससे मंडी परिसर में किसानों को उन्नत सुविधाएं मिलेंगी।

एकता का महासंग्रामः सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी का होगा भव्य आयोजन



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 30 अक्टूबर। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर पर एक अभूतपूर्व आयोजन की तैयारी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन्स रूपिंदर सिंह के निर्देशानुसार प्रत्येक थाना स्तर पर सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे के बीच RUN FOR UNITY का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पुलिस और नागरिक समाज के बीच एकता और सद्भाव को मजबूत करना है।

इस महत्वपूर्ण दौड़ में 1 किमी (1000 मीटर) की दूरी तय की जाएगी। आयोजन स्थल प्रत्येक थाने के लिए उपयुक्त स्थान (पार्क, स्टेडियम या सड़क) होगा, जहाँ सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होंगे। यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक केंद्र पर कम से कम 250 प्रतिभागी इस ऐतिहासिक दौड़ का हिस्सा बनें।

आयोजन की सबसे खास बात यह है कि इसमें पुलिस कर्मियों, आरएसी, जीआरपी के जवानों के साथ-साथ सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, पुलिस परिवार और प्रबुद्धजन को भी बड़े पैमाने पर शामिल किया जा रहा है।

आयोजन की सफलता के लिए जिला पुलिस अधीक्षक अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार कर प्रतिभागियों के लिए एकरूपता वाली टी-शर्ट और बैनर/फ्लेक्स उपलब्ध कराएंगे। इस पूरे कार्यक्रम की निगरानी के लिए राज्य स्तर पर उप महानिरीक्षक पुलिस आर्म्ड बटालियन-प्रथम डॉ. प्रीति चन्द्रा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

दौड़ के समापन के बाद RUN FOR UNITY के फोटोग्राफ और शॉर्ट वीडियो HTTPS://RUNFORUNITY.NIC.IN और राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अपलोड किए जाएंगे, ताकि पूरे देश में एकता के इस संदेश को प्रसारित किया जा सके। यह आयोजन न केवल सरदार पटेल को एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामूहिक शक्ति का एक प्रभावशाली प्रदर्शन भी होगा।

जिला चिकित्सालय में हुए 4.50 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण



24 न्यूज अपडेट

विधायक कृपलानी ने जिला चिकित्सालय निंबाहेड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु एनएचएम-पीआईपी योजना अंतर्गत 4.50 करोड़ की लागत से चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ आवास निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही श्री सेवा संस्थान के सहयोग से 12 लाख की ऑटो एनालाइजर मशीन, 4 लाख की सीबीसी मशीन, आईडीबीआई बैंक के सहयोग से 9.95 लाख की सी.आर. मशीन, आरएमआरएस मद से 55 हजार की मशीनें तथा अन्य चिकित्सा उपकरणों का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी विकास पंचौली, पीएमओ डॉ. राघव सिंह, डॉ. प्रशांत पाटीदार, डॉ. हरिओम तुर्किया, नर्सिंग अधीक्षक जितेंद्र सिंघवी, मुकेश खंडेलवाल सहित चिकित्सा कर्मी एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने विधायक कृपलानी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विधायक कृपलानी ने पीएमओ डॉ. राघव सिंह के आवास पर विधिवत पूजन कर गृह प्रवेश करवाया तथा चिकित्सक आवास भवन परिसर में वृक्षारोपण कर "हरियालो राजस्थान" अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उदयपुर में खेले जाएंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जिला प्रशासन की तैयारियां शुरू, सौंपी गई जिम्मेदारियां

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 30 अक्टूबर। इस साल लेकसिटी में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन की तैयारियां प्रशासनिक स्तर पर जोरशोर से शुरू हो गई हैं। इस आयोजन को लेकर राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। संभागीय आयुक्त एवं कार्यवाहक जिला कलेक्टर प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि विभिन्न विभागों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सफल आयोजन हेतु गठित समितियों द्वारा आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियों जैसे आवास, भोजन, परिवहन, चिकित्सा, सुरक्षा और सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जा रही है। प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन उदयपुर में 23 नवंबर से 15 दिसंबर तक होगा, जिसमें देशभर से विभिन्न विश्वविद्यालयों के 384 खिलाड़ी एवं 235 अन्य सहयोगी स्टाफ भाग लेंगे। इस दौरान जूडो, बीच वॉलीबॉल, कायकिंग एवं केनोइंग की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। यह आयोजन उदयपुर को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और अधिक सशक्त पहचान दिलाएगा।


भगवानपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का जिला कलक्टर ने किया अवलोकन



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। राज्य सरकार द्वारा आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने एवं समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे "ग्रामीण सेवा शिविर" अभियान के तहत गुरुवार को निंबाहेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत भगवानपुरा में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शिविर स्थल पर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा उपस्थित ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर शिविर की गतिविधियों की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि कोई भी पात्र लाभार्थी शासन की योजना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर जनकल्याण की भावना से प्रेरित होकर आयोजित किए जा रहे हैं, अतः इनका उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि वास्तविक लाभ पहुंचाना है। शिविर में राजस्व, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, श्रम, उद्यान, विद्युत, जलदाय सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिन पर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया और योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, ब्लॉक विकास अधिकारी, पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, राजस्व अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

वागड़ महोत्सव पर होंगे 4 नवम्बर को रंगारंग कार्यक्रम



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। उपखण्ड स्तर पर 4 नवम्बर को वागड़ महोत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम व प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। वागड़ महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर उपखण्ड अधिकारी सुबोध सिंह चारण की अध्यक्षता में प्रभारी अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभार वितरण के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोजन प्रभारी तहसीलदार रमेशचंद्र वढेरा ने बताया कि जिला प्रशासन से मिले निर्देशानुसार महिपाल खेल मैदान पर प्रातः 10 बजे से साफा बांधो, मटका दौड़, कुर्सी दौड़, सितोलिया, रस्साकशी, मेहंदी, रंगोली आदि कार्यक्रमों का आयोजन एसीबीईओ रमेशचंद्र प्रजापत तथा प्रधानाचार्य वेलचंद पाटीदार के मार्गदर्शन में जिला खेल विभाग व पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। सायं 6 बजे मसानिया तालाब पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी के निर्देशन में दीपदान तथा रात्रि 7 बजे महिपाल खेल मैदान के रंगमंच पर नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मोहम्मद सुहैल के नेतृत्व में परंपरागत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विजेताओं को पारितोषिक वितरण उपस्थित गणमान्यों के करकमलों द्वारा होगा। पुलिस प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखेगा। इस अवसर पर प्रभारियों के साथ विकास अधिकारी हीराराम मेघवाल, नायब तहसीलदार रिचा डामोर, अभियंता अरविंद पाटीदार, लोकेश भटेवरा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के किर्तेश पाटीदार, सीडीपीओ पारी परमार, राजीविका कन्हैयालाल, सुमन पाटीदार, कन्हैयालाल व्यास तथा प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान उपस्थित थे।

पुलिस थाना झाड़ोल की कार्यवाहीः 12 दिन से लापता 3 बच्चे 24 घंटे में दस्तयाब

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रार्थी श्री लक्ष्मण पिता विरमा निवासी बदराणा, तहसील झाड़ोल, थाना झाड़ोल, जिला उदयपुर ने दिनांक 28.10.2025 को रिपोर्ट प्रस्तुत की कि दिनांक 19.10.2025 की शाम करीब 7 बजे उसका पुत्र (उम्र 13 वर्ष) एवं उसके ही गांव के दो अन्य बच्चे (उम्र 13 वर्ष) यह कहकर अपने-अपने घर से निकले कि वे गांव में "हणी" गाने जा रहे हैं, परंतु वे आज दिनांक तक वापस नहीं लौटे। रिपोर्ट पर थाना झाड़ोल में प्रकरण संख्या 186/25, धारा 137(2) बीएनएस 2023 के अंतर्गत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर श्री योगेश गोयल के निर्देशानुसार, श्रीमती अंजना सुखवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खेरवाड़ा एवं श्री नेत्रपाल सिंह, वृताधिकारी वृत झाड़ोल के सुपरविजन में थानाधिकारी श्री फैलीराम मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन कर गुमशुदा बच्चों की गंभीरता से तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 24 घंटे में तीनों गुमशुदा बच्चों को उदयपुर से दस्तयाब किया गया। दस्तयाब तीनों बच्चों को उनके परिजनों सहित नियमानुसार सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) को सुपुर्द किया गया।

टीम प्रभारी व सदस्यः
श्री फैलीराम मीणा, थानाधिकारी झाड़ोल
श्री दिनेश कुमार, सउनि
श्री महेन्द्र, हैड कांस्टेबल 167
श्री जितेन्द्र, कांस्टेबल 3359 (विशेष भूमिका)
श्री ओमप्रकाश, कांस्टेबल 1173
श्री बालकृष्ण, कांस्टेबल 3196
श्री लक्ष्मीलाल, कांस्टेबल 3043

डी.एस.टी. व थाना पाटिया की संयुक्त कार्रवाईः 90 कार्टन राजस्थान निर्मित शराब व दो पीकअप जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक श्री योगेश गोयल द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (खेरवाड़ा) श्रीमती अंजना सुखवाल तथा वृत्ताधिकारी (ऋषभदेव) श्री राजीव राहर के सुपरविजन में थानाधिकारी पाटिया श्री देवेंद्र सिंह राव एवं जिला स्पेशल टीम (डी.एस.टी.) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता प्राप्त की है। टीम ने अवैध राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब से भरी दो बोलेरो पीकअप गाड़ियों को पकड़कर कुल 90 कार्टन शराब सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब का बाजार मूल्य लगभग तीन लाख रुपए तथा वाहनों की कीमत करीब पंद्रह लाख रुपए बताई गई है। इस प्रकार पुलिस ने कुल अठारह लाख रुपए का माल-मशरूका जब्त किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अर्जुन पुत्र श्री किशनलाल निवासी नांदवेल, डबोक (उदयपुर), रोहित पुत्र श्री उदयलाल निवासी घासा (उदयपुर), राजू पुत्र श्री नारायणलाल निवासी घासा (उदयपुर), रामप्रकाश पुत्र श्री जसीराम निवासी गंगाशहर (बीकानेर) तथा हनुमान पुत्र तुलसाराम निवासी कोजा, घोरिमना (बाड़मेर) शामिल हैं। इस कार्रवाई में डी.एस.टी. टीम प्रभारी सउनि विक्रम सिंह, हैड कॉन्स्टेबल हितेंद्र सिंह, गणेश सिंह, भंवरलाल, योगेश, जगदीश, तथा कॉन्स्टेबल कमलेश, सुमित, मुकेश, शक्तिसिंह और सुमेरसिंह की मुख्य भूमिका रही। वहीं थाना पाटिया की ओर से थानाधिकारी देवेंद्र सिंह राव, सउनि मनीष कुमार, हैड कॉन्स्टेबल राजेंद्र प्रसाद (1315), कॉन्स्टेबल अक्षय (1815) और कॉन्स्टेबल महेंद्र कुमार (3117) शामिल रहे। मामले में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है।

महिला मंडल द्वारा राधाष्टमी महिषासुर मर्दनी वनमाता मंदिर में किया व्रत का उद्यापन



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। राधाष्टमी महिला मंडल द्वारा राधाष्टमी गुरुवार को नगर के आसपुर मार्ग मावित हनुमान के पास स्थित सितारावाड़ा सोमपुरा समाज के महिषासुर मर्दनी वनमाता मंदिर में व्रत का हवनात्मक उद्यापन किया गया। आयोजन पंडित पंकज पंड्या ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ किया, जिसमें मंडल की महिलाओं ने हवन में आहुति दी। कलाल समाज की महिलाएँ पिछले एक वर्ष से हर अष्टमी को अलग-अलग मंदिर में जाकर व्रत मनाती हैं, जिसमें सभी महिलाएँ भजन-कीर्तन कर फलाहार कर आरती उतारती हैं और श्रृंगार का सामान भेंट करती हैं। राधाष्टमी के पावन अवसर पर महिषासुर मर्दनी वनमाता मंदिर में अंतिम व्रत मनाते हुए प्रातः हवनात्मक उद्यापन किया गया। महिलाओं ने माताजी के दर्शन लाभ के पश्चात आनंद की अनुभूति करते हुए खुशी प्रकट की। हवन एवं नारियल होम के बाद भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। महिला मंडल द्वारा माताजी के श्रृंगार में चांदी का मुकुट, छत्र, मंगलसूत्र, बंगड़ी, बिछिया भेंट की गई। महिला मंडल में गादीपति अंजना कलाल, प्रेमलता पटेल, भूमिका कलाल, सुनीता कलाल, भावना कलाल, रीना कलाल, सोनिका कलाल, दीपिका कलाल, मेनका कलाल, लक्ष्मी कलाल, मनीषा कलाल, नीता जैसवाल, भावना सोनी, लक्ष्मी भाटिया, रंजना कलाल, चंदा सोनी आदि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर वनमाता मंदिर निर्माण अध्यक्ष हरिश्चंद्र जे. सोमपुरा ने मंदिर प्रतिष्ठा समारोह (28 से 30 नवम्बर 2025) में शामिल होने के लिए महिला मंडल को निमंत्रण दिया। इस अवसर पर कृष्णकांत सोमपुरा, सुदर्शन सोमपुरा, जयप्रकाश सोमपुरा उपस्थित रहे।

उदयपुर जिले में 2 लाख 86 हजार खातों में जमा 101.47 करोड़ पर दावा नहीं - असली वारिसों की तलाश में बैंक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदयपुर जिले में पिछले कई वर्षों से 2 लाख 86 हजार 243 बैंक खातों में 101.47 करोड़ रुपये बिना दावे के पड़े हुए हैं। बैंकिंग शब्दावली में इसे "अनक्लेम्ड डिपॉजिट" या "अदावाकृत जमा" कहा जाता है। इन राशियों का सही हकदार अपने अधिकार से वंचित है। अब इन रकमों को असली वारिसों तक पहुँचाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने देशभर में ''आपकी पूंजी, आपका अधिकार'' अभियान शुरू किया है। इसी कड़ी में उदयपुर में 1 नवम्बर, शनिवार को सुबह 10 बजे से भुवाणा स्थित सोलिटेयर रिसोर्ट (100 फीट रोड, ओपेरा गार्डन के सामने, शोभागपुरा) में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा स्वयं मौजूद रहेंगे और आमजन को अनक्लेम्ड डिपॉजिट की जानकारी एवं दावा प्रक्रिया के बारे में जागरूक करेंगे। इस मौके पर एसबीआई सहित सभी प्रमुख बैंकों, सेबी, बीमा कंपनियों और पेंशन विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

जागरूकता का अभाव बना कारण, लाखों की राशि निष्क्रिय खातों में पड़ी

अग्रणी जिला प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि जागरूकता के अभाव या दुर्घटनावश कई बार लोग अपने खातों या निवेशों के वारिस का नाम दर्ज नहीं करवा पाते। व्यक्ति की मृत्यु के बाद ऐसी संपत्तियां बैंकों या वित्तीय संस्थानों में अनक्लेम्ड रह जाती हैं और वर्षों तक निष्क्रिय बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि आरबीआई का यह अभियान इन निष्क्रिय राशियों को सही वारिसों तक पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि लोगों की पूंजी उनके परिवार तक लौट सके। उदयपुर में आयोजित यह शिविर इसी जागरूकता अभियान का हिस्सा है।

शिविर में अनक्लेम्ड जमा, बीमा, शेयर और पेंशन दावों पर मिलेगी जानकारी

शिविर में उपस्थित अधिकारी नागरिकों को बताएंगे कि कैसे वे अनक्लेम्ड जमा, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर और म्यूचुअल फंड निवेश की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा उन्हें वापस पाने की प्रक्रिया क्या है। इसके साथ ही दावे के लिए आवश्यक दस्तावेज और प्रक्रियात्मक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

यूडीजीएएम पोर्टल से घर बैठे पता करें "आपका पैसा कहां है"

आरबीआई ने ''UDGAM – Unclaimed Deposits Gateway to Access Information'' नामक पोर्टल विकसित किया है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे यह पता कर सकते हैं कि उनके या उनके परिवार के नाम पर किसी बैंक में लावारिस जमा राशि तो नहीं है। जिला अग्रणी प्रबंधक गुप्ता ने बताया कि यूडीजीएएम पोर्टल का उपयोग करने की प्रक्रिया बहुत सरल है — आरबीआई के यूडीजीएएम पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। यदि आप पहली बार उपयोग कर रहे हैं, तो मोबाइल नंबर डालकर पंजीकरण करें। पहले से पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉग इन करें। इसके बाद आवश्यक विवरण दर्ज करें — खाताधारक का नाम, पैन नंबर, आधार नंबर, वोटर आईडी या जन्म तिथि। पोर्टल आपको बताएगा कि किसी भी 30 बैंकों में आपके नाम पर कोई अनक्लेम्ड डिपॉजिट है या नहीं। एक बार बैंक की जानकारी मिलने के बाद व्यक्ति सीधे संबंधित बैंक की शाखा या वेबसाइट से संपर्क कर सकता है। दावा करते समय पहचान प्रमाण, पता प्रमाण और जमा से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। दावा प्रक्रिया पूर्ण होने पर बैंक राशि असली वारिस को हस्तांतरित कर देगा।

इन 30 बैंकों में देख सकते हैं अनक्लेम्ड डिपॉजिट की स्थिति

यूडीजीएएम पोर्टल के माध्यम से निम्नलिखित 30 बैंकों की अनक्लेम्ड डिपॉजिट जानकारी उपलब्ध है – एक्सिस बैंक लि. बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक ऑफ इंडिया बैंक ऑफ महाराष्ट्र केनरा बैंक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया सिटीबैंक एन.ए. डीबीएस बैंक इंडिया लि. धनलक्ष्मी बैंक लि. फेडरल बैंक एचडीएफसी बैंक एचएसबीसी लि. आईसीआईसीआई बैंक आईडीबीआई बैंक इंडियन बैंक इंडियन ओवरसीज बैंक इंडसइंड बैंक जम्मू एंड कश्मीर बैंक लि. कर्नाटक बैंक लि. पंजाब नेशनल बैंक कोटक महिन्द्रा बैंक पंजाब एंड सिंध बैंक सरस्वत को-ऑपरेटिव बैंक साउथ इंडियन बैंक लि. स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक करूर वैश्य बैंक लि. यूको बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

आरबीआई का उद्देश्य - निष्क्रिय राशि को सही हाथों तक पहुंचाना

आरबीआई का यह अभियान न केवल निष्क्रिय जमा राशि को सक्रिय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि आमजन में वित्तीय जागरूकता लाने का भी प्रयास है। इससे आम नागरिक अपने परिवार की भूली-बिसरी या बिना दावे की संपत्ति को वापस पा सकेंगे और आर्थिक संसाधनों का सही उपयोग संभव होगा।

महावीर इंटरनेशनल उदयपुर का दीपावली स्नेह मिलन एवं सत्र 2025-27 की प्रथम बैठक संपन्न



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 30 अक्टूबर। महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा दीपावली स्नेह मिलन एवं सत्र 2025-27 की प्रथम बैठक का आयोजन रोटरी बजाज गार्डन में हर्षोल्लास के साथ किया गया। अध्यक्ष वीर रवीन्द्र सुराणा ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष वीर राजकुमार लोढ़ा एवं वीर आर. के. चतुर मुख्य अतिथि रहे, जबकि वीर अरुण कोठारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। लगातार दो दिनों से हो रही बारिश एवं खराब मौसम के बावजूद बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति ने संगठन के प्रति प्रेम, समर्पण और अनुशासन का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरा अनुसार प्रार्थना के साथ हुई, जिसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।

अध्यक्ष वीर रवीन्द्र सुराणा ने स्वागत उद्बोधन के साथ आगामी सेवा योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि अगले माह दांता में एक विशाल नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही 50 नीम के पौधे लगाए जाएंगे, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में केंद्र का एक सार्थक कदम रहेगा तथा सचिव वीर सुरेशचंद्र बड़ीवाल ने वर्षभर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। सांस्कृतिक संध्या में वीर-वीराओं ने गीत, भजन और नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। अतिथि कलाकार नरेन्द्र जैन, उर्वशी सिंघवी, वीर दिलीप सुराणा, वीरा रेणु बांठिया, वीर सुरेशचंद्र बड़ीवाल, डॉ. प्रियंका बड़ीवाल और वीरा कमलेश खमेसरा की शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अक्टूबर माह में जन्मे वीर एवं वीराओं को उपरणा पहनाकर शुभकामनाएं दी गईं।

प्रो. दिग्विजय भटनागर ने इतिहास विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय अंतर्गत इतिहास विभाग में आज गुरुवार को प्रोफेसर दिग्विजय भटनागर ने विभागाध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में डॉ. प्रतिभा (प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग), डॉ. पीयूष भादविया (सहायक आचार्य, इतिहास विभाग), डॉ. मनीष श्रीमाली (सहायक आचार्य, इतिहास विभाग), डॉ. बालूदान बारहठ (सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग), श्री नारायण लाल सालवी (अध्यक्ष, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठन), डॉ. महेंद्र सिंह चारण, श्री मोहित सिसोदिया, पायल माली तथा तारा बैरवा सहित इतिहास विभाग के स्कॉलर, छात्र और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों ने प्रो. दिग्विजय भटनागर का माला, उपरणा और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया तथा विभागाध्यक्ष पद ग्रहण करने पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन पर विभाग की ओर से अल्पाहार का आयोजन किया गया।

नव नियुक्त कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ ने पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं अभियांत्रिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर की पेंशनर्स वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों ने आज नवनियुक्त कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ का भावभीना स्वागत किया। जानकारी देते हुए सोसायटी के प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र कुमार भटनागर के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ को उपरणा पहनाकर, माल्यार्पण कर, श्रीनाथजी का प्रसाद एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ ने सोसायटी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के 1443 पेंशनर्स, जिनमें लगभग 400 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं विधवाएं शामिल हैं, की पेंशन संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु वे हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक स्थायी कोष (कार्पस फंड) के निर्माण तथा राज्य के अन्य कृषि विश्वविद्यालयों के सहयोग से राज्य सरकार के समक्ष ठोस प्रस्ताव रखने की दिशा में कार्य किया जाएगा। सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र कुमार भटनागर एवं प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने आगामी नवंबर माह में पेंशनर्स की जनरल बॉडी मीटिंग में कुलगुरु से संबोधन का निवेदन किया, जिस पर डॉ. धाकड़ ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की सेवा एवं उत्थान में अपना जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ गुरूजनों एवं कर्मचारियों से संवाद के इस कार्यक्रम में वे अवश्य शामिल होंगे। कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ के स्वागत अवसर पर पूर्व छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुमन सिंह, कोषाध्यक्ष देवीलाल तेली, संगठन मंत्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा, सहमंत्री गणेश पालीवाल, कोमल सिंह राठौड़, धर्मपाल सिंह सरोहा, मोहम्मद भाई, प्रवक्ता वीरेन्द्र सिंह सोलंकी, हरीप्रसाद नंदवाना, गोविंद नारायण तिवारी तथा भगवतसिंह पटवा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय की हुई आयड में स्थापना



24न्यूज अपडेट

उदयपुर 30 अक्टुबर / आयड़ स्थित चितौड़ा भवन में श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय की स्थापना 105 प्रसन्नमती माता जी के सानिध्य में चितौड़ा समाज की ओर की से गई। समाज अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद ओम प्रकाश चितौड़ा ने बताया कि मूलनायक आदिनाथ भगवान विराजमान करने का सौभाग्य स्व. गणेशीबाई एवं स्व. धरमचंद जी तितरड़ीया की स्मृति में अजय जी पूरणमल जी परिवार को मिला। इसी प्रकार चन्द्रप्रभु भगवान को विराजमान स्व चुन्नीलाल जी खूबीलाल जी पन्नीबाई तितरडीया की स्मृति में ओम तितरडीया परिवार, शांतिनाथ भगवान डॉ. प्रधुम्न जैन, पाश्वनाथ भगवान पुष्पादेवी महावीर सुनील तितरडीया परिवार एवं नंदीश्वर दीप की स्थापना का सौभाग्य ओम प्रकाश स्व खुबीलालजी, ओम प्रकाश स्व भगवती लाल तितरडिया को विराजमान करने का सौभाग्य मिला, पंच मेरू, यंत्र, चंवर की बोली भी समाजजन द्वारा बोली गयी। समारोह से पूर्व प्रेम नगर से घटयात्रा एवं श्रीजी का शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें समाज के सेकड़ो भक्तजन ढोल नगाड़ों से नाचते, गाते व जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। समारोह में ग्रामीण विधायक फूल सिंह जी मीणा की भी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों का उपरणा ओढा कर सम्मान किया गया। समारोह पश्चात समाजजन का स्वामीवात्सवल्य रखा गया। इस अवसर पर सुरेश चन्द्र पद्मावत, भंवर लाल सिन्यावत, भंवर जी गदावत, प्रकाश अदवासिया, अनिल गुडिया, खूबिलाल अदवासिया ओम प्रकाश शांतिलाल जी, भगवती लाल, राकेश, भंवर लाल , दिनेश सोहनलाल , मांगीलाल जी , निर्मल , डॉ मोतीलाल जी सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम से एक दिन पूर्व भव्य रात्रि जागरण एवं भक्ति संध्या का भी आयोजन रखा गया।

कैट वूमेन विंग ने दिवाली मिलन 2025 - बंधनों का त्योहार की थीम पर मनाया दीपावली स्नेह मिलन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 30 अक्टूबर। कैट वूमेन विंग उदयपुर द्वारा "दीवाली मीट 2025 - फेस्टिवल ऑफ बॉन्ड्स" का भव्य आयोजन मनोबी रिज़ॉर्ट, बड़ी रोड पर किया गया। कैट विमेन विंग उदयपुर अध्यक्षा एवं मेवाड़ रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनोबी रिज़ॉर्ट की डायरेक्टर तरीका भानु प्रताप सिंह रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं "मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे" गीत से हुआ। सभी सदस्याओं ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मी और गणेश जी की आरती कर दीप जलाए। इसके पश्चात सदस्याओं ने अपने-अपने व्यवसाय का परिचय एवं प्रस्तुतीकरण दिया। इस अवसर पर बिजनेस गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, एवं 15 नए सदस्यों -अमिता जैन,गरिमा जोशी, प्रियांका शर्मा, विशाखा जैन,पिंकी खत्री, नेहा सामर,कलावती काबरा,डॉ. मीरा माथुर, निधि मुनोत, रेखा राणावत, अंकिता जैन, युक्ता सुखेजा, सौम्या गजरेजा, गुंजन जैन, स्वप्निल दोशी, पल्लवी दोशी, निधि लूथरा का ओढ़ाकर स्वागत किया गया।

कैट विमेन विंग उदयपुर अध्यक्षा एवं मेवाड़ रीजन इंचार्ज विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैट केवल एक साधारण संगठन नहीं, बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ किया गया एक राष्ट्रीय संगठन है। आज इस संगठन की शाखाएँ पूरे भारतवर्ष में फैली हैं, जिसमें 9 करोड़ से अधिक व्यापारी एवं 40,000 से अधिक संस्थाएँ पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि उदयपुर कैट वुमेन विंग में 350 से अधिक बिजनेस वूमेन सदस्याएँ जुड़ी हैं, जो अपने-अपने व्यवसाय को नई दिशा और नई उड़ान दे रही हैं। उन्होंने कहा - अब समय आ गया है कि महिलाएँ जो होम मेकर हैं, वे अपने सपनों को उड़ान दें, अपनी क्षमताओं और हुनर को पहचानें और व्यवसाय के क्षेत्र में कदम बढ़ाएँ-चाहे अपना स्वयं का व्यवसाय करें या परिवार के साथ मिलकर आगे बढ़ें, पर अपने बलबूते पर कुछ करें। मुख्य सचिव डॉ. सोनू जैन ने जानकारी दी कि इस दीपावली पर कैट वुमेन विंग की सदस्याओं ने सिर्फ 10 दिनों में कैट सदस्यों के मध्य 20 लाख रुपए से अधिक का व्यापार किया और दीपावली को वास्तव में "शुभ दीपावली" बना दिया। दिवाली धमाका ऑफर के अंतर्गत मेंबर्स से 10,000 से अधिक, 5,000 से 10,000 और 5,000 से कम की शॉपिंग करने वाली सदस्याओं के लिए लकी ड्रॉ के माध्यम से आकर्षक उपहार दिए गए। कार्यक्रम का स्वागत डॉ. सोनू जैन ने किया तथा शानदार संचालन नेहा जैन और चयनिका गलुंडीया ने किया। इस अवसर पर सुषमा कुमावत, ज्योति सहगल, सोनम कालरा, कल्पना चोरडिया, दीपमाला मेवाड़ा, रुचि चोरडिया, जया जेतावत, अनीता भानावत,निकिता बर्मन, मीरा मजूमदार, कुसुम मेहता, मधु जयसवाल , रुखसाना साबुनवाला, रीनू जैन, सहित लगभग 150 सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में "ए ड्रीमर - अपने सपनों को उड़ान दो" थीम पर विशेष प्रेरणादायक संदेश दिया गया, जिसमें महिलाओं से अपनी क्षमताओं को पहचानने और अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया गया।

वनवासी विद्यार्थियों को सर्दी से राहत हेतु - देवास, कोल्यारी और डईया में 500 स्वेटर वितरित



24न्यूज अपडेट

उदयपुर, 30 अक्टूबर। वनांचल शिक्षा समिति, उदयपुर द्वारा संचालित श्री फूलचंद लोढा आदर्श विद्या मंदिर, देवास में गुरुवार को विद्यार्थियों के लिए सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राउंड टेबल इंडिया, उदयपुर शाखा URT-253 के श्री अर्पित लोढा एवं अरिहंत दोषी ने विद्यालय के भैया-बहिनों को स्वेटर वितरित किए।

इस अवसर पर भामाशाहों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ देते हुए विद्यालय को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी आचार्य दीदी, अभिभावकगण एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। इसी क्रम में मोहन विद्या आश्रम, कोल्यारी एवं डईया में भी विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। इन अवसरों पर राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री श्री जगदीश कुलमी एवं वनांचल शिक्षा समिति के कुंजबिहारी ने उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। कुल मिलाकर तीनों शिक्षण केंद्रों में लगभग 500 विद्यार्थियों को सर्दी से राहत हेतु स्वेटर वितरित किए गए।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।